2017

LL.M. ENTRANCE EXAMINATION
एलएल.एम. प्रवेश परीक्षा

Booklet S.No.

1233

समय : 2 घण्टे
Time : 2 Hours

पूर्णांक : 300
M.M. : 300

(Invigilator's Signature)

Roll No. : अनुक्रमांक

Roll No. in words अनुक्रमांक शब्दों में

अपना अनुक्रमांक बॉक्स में लिखें (अंकों में/शब्दों में)
Write your Roll Number in box (in numbers/in words)

प्रश्नों के उत्तर के लिये केवल काले बाल प्वाइंट पेन का इस्तेमाल करें।
To Mark Answer use Black ball point pen only.

जब तक न कहा जाए इस प्रश्न-पुस्तिका को न खोलें।
Do not open the question booklet, till you are told to do so.

अभ्यर्थी उत्तर पत्रक पर उत्तर देने से पहले सभी अनुदेशों को सावधानीपूर्वक पढ़ लें।
Candidtae must read all the instructions before writing the answers.

आपको अपने सभी उत्तर केवल उत्तर-पत्रक पर ही देने हैं। परीक्षा उपरान्त उत्तर-पत्रक एवं प्रश्न पुस्तिका कक्ष निरीक्षक को लौटा दें।
Mark your answer on OMR Sheet only. After the examination is over, handover the OMR Sheet and question booklet to the Invigilator.

Candidate's Name..... अभ्यर्थी का नाम

Father's Name..... पिता का नाम

महत्वपूर्ण अनुदेश

1. सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिये। सभी प्रश्नो के अंक समान हैं।
2. उत्तर पत्रक पर अभ्यर्थी अपना अनुक्रमांक, विषय कोड, नाम एवं पिता का नाम अंकित करें, अन्यथा उत्तर-पत्रक का मूल्यांकन नहीं किया जायेगा और जिम्मेदारी स्वयं अभ्यर्थी की होगी।
3. इस प्रश्न-पुस्तिका में 100 प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के चार वैकल्पिक उत्तर दिये गये हैं। अभ्यर्थी सही उत्तर निर्दिष्ट करते हुए उनमें से केवल एक गोले अथवा बबल को उत्तर पत्रक पर काले बाल प्वाइंट पेन से पूरा गहरा कर दें। एक से अधिक उत्तर देने की दशा में प्रश्न के उत्तर को गलत माना जायेगा एवं उसे जाँचा नहीं जायेगा।
4. प्रश्न-पुस्तिका के कवर पेज पर अथवा अन्दर कहीं भी कुछ न लिखें। यदि आप रफ कार्य करना चाहते हैं तो प्रश्न पुस्तिका के अंतिम सादे पृष्ठ पर रफ कार्य कर सकते हैं।
5. प्रश्न-पुस्तिका खोलने के तुरन्त बाद जाँच करके देख लें कि प्रश्न-पुस्तिका के सभी पेज भली भाँति छपे हुए हैं। यदि प्रश्न-पुस्तिका में कोई कमी हो तो कक्ष निरीक्षक को दिखाकर उसी सीरीज व कोड की दूसरी पुस्तिका प्राप्त कर लें।
6. सभी प्रश्नों के अंक समान हैं प्रत्येक प्रश्न 3 अंक का है एवं ऋणात्मक अंकन अर्थात् प्रत्येक गलत जवाब पर एक अंक काटा जायेगा। बिना हल किये प्रश्न पर शून्य अंक दिया जायेगा।

IMPORTANT INSTRUCTIONS

1. Answer all questions. All questions carry equal marks.
2. The candidate should indicate the correct Roll Number, Paper Code, Name and Father's Name on the Answer-Sheet, otherwise the Answer-Sheet will not be evaluated and the candidate will be solely responsible for it.
3. This booklet contains 100 questions, Each question has 4 alternative answers. The candidate has to darken only one circle or bubble indicating the correct answer on the OMR sheet using black ball point pen. If more than one answers are marked, it would be treated as wrong answer and it will not be examined.
4. Do not write anything on the cover page or any other page of this question booklet. If you need to do rough work you can do it on the last blank page of question booklet.
5. If you happen to find that the booklet issued to you does not have all the pages properly printed or it has any other deficiency, then you need to approach the invigilator to get another booklet of same series & code.
6. Each question carries equal marks (3 marks each). Negative marking will be done, one mark will be deducted for every wrong answer. Unattempted question will be awarded zero mark.

1. "Jurisprudence is the science of law, the statement and systematic arrangement of the rules followed by the Court and the principles involved in those rules." Who said it?
(A) Salmond
(B) Pound
(C) Gray
(D) Stone

1. ''विधिशास्त्र विधि का विज्ञान है, यह न्यायालय द्वारा अनुसरण किए जाने वाले नियमों तथा उन नियमों में अन्तर्निहित सिद्धान्तों की क्रमबद्ध व्यवस्था का विवरण है।'' यह किसने कहा है?
(A) सामण्ड
(B) पाण्ड
(C) ग्रे
(D) स्टोन

2. "Law has its source in Volkgeist." Who said it?
(A) Maine
(B) Thibaut
(C) Hegel
(D) Savigny

2. ''विधि का स्रोत सामान्य लोक चेतना (वाक्सजीस्ट) में हैं।'' यह किसने कहा है?
(A) मेन
(B) थिबाउट
(C) हीगल
(D) सेविनी

3. "A universal law for all nations and times stands on the same line with a universal remedy for all sick people." Who said it?
(A) Pound
(B) Ihering
(C) Ehrlich
(D) Duguit

3. ''समस्त राष्ट्रों एवं समयों के लिए एक सार्वभौमिक विधि बिल्कुल उसी प्रकार की होगी जैसे समस्त रोगी व्यक्तियों के लिए एक सार्वभौमिक उपचार''। यह किसने कहा है?
(A) पाउण्ड
(B) इहरिंग
(C) इहरलिच
(D) ड्यूगिट

4. Which of the following denotes a relation between the owner and a vague multitude of persons, none of whom is distinguished from any individuals?
(A) Right *in rem*
(B) Right *in personam*
(C) Positive right
(D) Negative right

4. निम्नलिखित में से कौन, स्वामी तथा एक अस्पष्ट जनसाधरण , जिनमें से किसी को भी व्यक्ति विशेष से विभेदित नहीं किया जा सकता, के मध्य सम्बन्ध का द्योतक है?
(A) लोकलक्षी अधिकार
(B) व्यक्तिलक्षी अधिकार
(C) सकारात्मक अधिकार
(D) नकारात्मक अधिकार

5. The conclusion reached by the judge on the basis of material facts and on the exclusion of immaterial ones is –
(A) Ratio-decidendi
(B) Obiter dicta
(C) Judgment
(D) None of the above

5. न्यायाधीश द्वारा तात्विक तथ्यों के आधार पर तथा अतात्विक तथ्यों के अपवर्जन पर पहुंचा निष्कर्ष होता हैं–
(A) निर्णयाधार
(B) इतरोक्ति
(C) निर्णय
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

6. A legislation which can not be repealed, annulled or controlled by any other legislative authority than which has made it, is –
(A) Subordinate legislation
(B) Supreme legislation
(C) Executive legislation
(D) Judicial legislation

6. वह विधायन जो उसे निर्मित करने वाली विधायी शक्ति के अतिरिक्त किसी अन्य शक्ति द्वारा निरसित, निराकृत या नियन्त्रित नहीं किया जा सकता, वह है–
(A) अधीनस्थ विधायन
(B) सर्वोच्च विधायन
(C) कार्यपालिका विधायन
(D) न्यायपालिक विधायन

7. Who of the following has propounded the 'Realist Theory of Corporate Personality'?
(A) Gierke
(B) Hohfeld
(C) Maitland
(D) Dicey

7. निम्नलिखित में से किसने निगमित व्यक्तित्व का यथार्थवादी सिद्धान्त प्रतिपादित किया है?
(A) गियर्क
(B) होहफेल्ड
(C) मेटलैंड
(D) डायसी

8. Where the subject matter of ownership is a right, such as copyright or a patent, it is called –
(A) Corporeal ownership
(B) Incorporeal ownership
(C) Absolute ownership
(D) Limited ownership

8. जब स्वामित्व की विषयवस्तु एक अधिकार हो, जैसे प्रतिलिप्याधिकार या पेटेंट, तो यह कहलाता है–
(A) मूर्त स्वामित्व
(B) अमूर्त स्वामित्व
(C) पूर्ण स्वामित्व
(D) सीमित स्वामित्व

9. Customs which are binding not due to any legal authority independently possessed by them, but because it has been expressly or impliedly incorporated in a contract between the parties to it, are –
(A) Local customs
(B) Legal customs
(C) Conventional customs
(D) General custom

9. रूढ़ियाँ, जो स्वतन्त्र धारित किसी प्राधिकार के कारण नहीं, वरन् इसलिए बाध्यकारी हैं क्योंकि वह पक्षकारों के मध्य एक संविदा में व्यक्त अथवा विवक्षित निहित होती हैं, वह हैं–
(A) स्थानीय रूढ़ियाँ
(B) विधिक रूढ़ियाँ
(C) अभिसमयात्मक रूढ़ियाँ
(D) सामान्य रूढ़ियाँ

10. If the State or its instrumentality purchases shares of a company –
(A) It is included in 'State' under Article 12 of the Constitution of India.
(B) State will be taken as an 'authority' within the meaning of Article 12.
(C) It is not included in 'State' under Article 12.
(D) Such company will be included in 'State' under Article 12.

10. यदि राज्य या उसका अधिकरण एक कम्पनी के अंश क्रय करता है तो–
(A) वह भारत के संविधान के अनुच्छेद 12 के अधीन 'राज्य' में सम्मिलित है।
(B) 'राज्य' अनुच्छेद 12 के अर्थान्वयन में 'प्राधिकारी' माना जाएगा।
(C) वह अनुच्छेद 12 के अधीन 'राज्य' में सम्मिलित नहीं है।
(D) ऐसी कम्पनी अनुच्छेद 12 के अधीन 'राज्य में सम्मिलित होगी।

11. Which of the following is not correct?
(A) Article 16(4) and 16(4A) do not guarantee any fundamental right to reservation.
(B) Article 16(4) and 16(4A) guarantee fundamental right to reservation.
(C) Article 16(4) and 16(4A) do not impose any Constitutional duty on the State.
(D) Article 16(4) and 16(4A) are in the nature of enabling provisions.

11. निम्नलिखित में से कौन सही नही है?
(A) अनुच्छेद 16(4) तथा 16(4A) आरक्षण का कोई मौलिक अधिकार प्रत्याभूत नहीं करते।
(B) अनुच्छेद 16(4) तथा 16(4A) आरक्षण का मौलिक अधिकार प्रत्याभूत करते हैं।
(C) अनुच्छेद 16(4) तथा 16(4A) राज्य पर कोई संवैधानिक कर्त्तव्य अधिरोपित नहीं करते।
(D) अनुच्छेद 16(4) तथा 16(4A) की प्रकृति सामर्थ्यकारी उपबंधों की है।

12. Which of the following is not correct?
(A) If fundamental duties are disregarded, nothing happens.
(B) Fundamental duties may be enforced by law made by the appropriate legislature.
(C) The Court may direct the Government to take steps for the enforcement of fundamental duties.
(D) Fundamental duties are enforceable by the writ of mandamus.

13. Which of the following is not correct?
(A) Article 32 gives power to the Supreme Court to issue any writ for the enforcement of Fundamental Rights.
(B) It is not possible for the Supreme Court to give any direction for amending the Act and the Rules.
(C) The Supreme Court can not issue any direction to the Legislature to make any particular kind of enactment.
(D) Mandamus may be issued to enforce an Act which has been passed by the Legislature.

14. Point out the correct response.
Under Article 51 of the Constitution of India the State shall –
(A) endeavour to foster respect for international law and treaty obligations in the dealings of organized people with one another.
(B) encourage settlement of international disputes through International Court of Justice.
(C) ensure that international treaties and agreements entered into by India shall have the force of law even without concerned legislation.
(D) take the matters relating to international peace and security to the Security Council.

15. Read the following carefully.
(i) The Supreme Court has held that right to life includes right to privacy but it is not absolute.
(ii) Right to privacy may be lawfully restricted for the prevention of crime or disorder.
(iii) Right to privacy may be lawfully restricted for the protection of health and morals
(iv) Right to privacy may be lawfully restricted for the protection of rights and freedom of others.

12. निम्नलिखित में से कौन सही नहीं है?
(A) यदि मौलिक कर्त्तव्यों की अवहेलना की जाए तो कुछ नही होता।
(B) समुचित विधायिका विधि निर्माण कर मौलिक कर्तव्यों का प्रवर्तन कर सकती है।
(C) न्यायालय मौलिक कर्तव्यों के प्रवर्तन के लिए सरकार को कार्यवाही करने हेतु निर्देशित कर सकता है।
(D) मौलिक कर्तव्य परमादेश रिट के द्वारा प्रवर्तनीय हैं।

13. निम्नलिखित में से कौन सही नहीं है?
(A) अनुच्छेद 32 मौलिक अधिकारों के प्रवर्तन हेतु सर्वोच्च न्यायालय को कोई भी रिट निर्गत करने की शक्ति प्रदान करता है।
(B) सर्वोच्च न्यायालय के लिए किसी अधिनियम अथवा सांविधिक नियमों के संशोधन हेतु निर्देश निर्गत करना सम्भव नहीं है।
(C) सर्वोच्च न्यायालय विधायिका को किसी विशेष अधिनियमन हेतु निर्देश निर्गत नही कर सकता
(D) विधायिका के द्वारा जो अधिनियम पारित किया जा चुका है, उसके प्रवर्तन हेतु परमादेश निर्गत किया जा सकता है।

14. सही उत्तर इंगित कीजिए। भारत के संविधान के अनुच्छेद 51 के अधीन राज्य–
(A) संगठित लोगों के एक दूसरे से व्यवहारों में अन्तर्राष्ट्रीय विधि और सन्धि बाध्यताओं के प्रति आदर बढ़ाने का प्रयास करेगा।
(B) अन्तर्राष्ट्रीय विवादों के अन्तर्राष्ट्रीय न्यायालय द्वारा निपटारे को प्रोत्साहित करेगा।
(C) यह सुनिश्चित करेगा कि भारत के द्वारा किये गए अन्तर्राष्ट्रीय सन्धि एवं करार सम्बन्धित विधायन के बिना भी विधि जैसी शक्ति रखें।
(D) अर्न्राष्ट्रीय शान्ति एवं सुरक्षा से सम्बन्धित मामले सुरक्षा परिषद के समक्ष ले जाने का प्रयास करेगा।

15. निम्नलिखित का सावधानीपूर्वक पठन कीजिए।
(i) सर्वोच्च न्यायालय ने अभिनिर्धारित किया है कि जीवन के अधिकार में एकान्तता का अधिकार सम्मिलित है परन्तु यह आत्यन्तिक नही है।
(ii) एकान्तता के अधिकार को अपराध अथवा अव्यवस्था के निवारण हेतु विधिपूर्वक निर्बन्धित किया जा सकता है।
(iii) एकान्तता के अधिकार को स्वास्थ्य तथा नैतिकता के संरक्षण हेतु विधिपूर्वक निर्बन्धित किया जा सकता है।
(iv) एकान्तता के अधिकार को अन्यों की स्वतन्त्रताओं एवं अधिकारों के संरक्षण हेतु विधिपूर्वक निर्बन्धित किया जा सकता है।

Point out the correct answer.
(A) Only (i), (ii) and (iii) are correct, (iv) is wrong.
(B) Only (i), (ii) and (iv) are correct, (iii) is wrong.
(C) Only (i), (iii) and (iv) are correct, (ii) is wrong.
(D) (i), (ii), (iii) & (iv), all are correct.

16. For the introduction of a bill or amendment in either house of the parliament affecting taxation in which States are interested-
(A) Prior recommendation of President is required.
(B) Prior recommendation of Governor is required.
(C) Prior consent of the concerned State is required.
(D) Prior recommendation neither of the President, nor of the Governor is required.

17. The law declared by the Supreme Court shall be binding on all courts and tribunals within the territory of India. This has been provided in-
(A) Article 142
(B) Article 141
(C) Article 140
(D) Article 138

18. Which one of the following is not included in basic structure of the Constitution?
(A) Supremacy of the Constitution.
(B) Republican and democratic form of Government.
(C) Law making procedure in the parliament.
(D) Judicial review.

19. Talak-ul-biddat is—
(A) Complete and irrevocable divorce
(B) Incomplete and irrevocable divorce
(C) Complete and revocable divorce
(D) None of the above

20. The renunciation of Islam by a married Muslim woman by her conversion to a faith other than Islam –
(A) shall not by itself dissolve marriage
(B) may by itself dissolve marriage
(C) shall by itself dissolve marriage
(D) none of the above

सही उत्तर इंगित कीजिए।
(A) केवल (i), (ii) तथा (iii) सही हैं, (iv) गलत है।
(B) केवल (i), (ii) तथा (iv) सही हैं, (iii) गलत है।
(C) केवल (i), (iii) तथा (iv) सही हैं, (ii) गलत है।
(D) (i), (ii), (iii) तथा (iv) सभी सही हैं।

16. ऐसे कराधान को प्रभावित करने वाले किसी विधयेक या संशोधन, जिसमें राज्यों की हितबद्धता हो, को संसद के किसी सदन में प्रस्तुत करने हेतु–
(A) राष्ट्रपति की पूर्व संस्तुति आवश्यक है।
(B) राज्यपाल की पूर्व संस्तुति आवश्यक है।
(C) सम्बन्धित राज्य की पूर्व सहमति आवश्यक है।
(D) न तो राष्ट्रपति , न ही राज्यपाल की पूर्व संस्तुति की आवश्यकता है।

17. सर्वोच्च न्यायालय द्वारा घोषित विधि भारत के राज्य क्षेत्र में स्थित सभी न्यायालयों एवं न्यायाधिकरणों पर बाध्यकारी होगी। यह प्रावधानित है–
(A) अनुच्छेद 142 में
(B) अनुच्छेद 141 में
(C) अनुच्छेद 140 में
(D) अनुच्छेद 138 में

18. निम्नलिखित में से कौन संविधान की आधारभूत संरचना में सम्मिलित नहीं है?
(A) संविधान की सर्वोच्चता
(B) सरकार की गणतन्त्रात्मक तथा प्रजातन्त्रीय संरचना
(C) संसद की विधि निर्माण प्रक्रिया
(D) न्यायिक पुनर्वलोकन

19. तलाक–उल–बिद्दत–
(A) पूर्ण तथा अविखण्डनीय विवाह–विच्छेद है।
(B) अपूर्ण तथा अविखण्डनीय विवाह–विच्छेद है।
(C) पूर्ण तथा विखण्डनीय विवाह–विच्छेद है।
(D) उपर्युक्त में से कोई नही।

20. एक विवाहित मुस्लिम स्त्री के इस्लाम से इतर अन्य धर्म में धर्म परिवर्तन द्वारा इस्लाम का त्यजन से–
(A) विवाह का स्वयं विघटन नहीं होगा।
(B) विवाह का स्वयं विघटन हो सकता है।
(C) विवाह का स्वयं विघटन हो जायेगा।
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं।

21. Muslim mother's right to have the custody of minor child is known as-
(A) Hizanat
(B) Hazina
(C) Khula
(D) Ahula

21. अव्यस्क बालक की अभिरक्षा के मुस्लिम माता के अधिकार को कहा जाता है–
(A) हिज़ानत
(B) हज़ीना
(C) खुला
(D) आहुला

22. A Muslim girl aged 17 years was given in marriage by her grandfather and her consent was not sought. The marriage is –
(A) Void
(B) Voidable
(C) Valid
(D) Revocable

22. एक 17 वर्ष की मुस्लिम लड़की का विवाह उसके पितामह ने कर दिया तथा उसकी सहमति नहीं ली गयी। यह विवाह–
(A) शून्य हैं
(B) शून्यकरणीय है।
(C) विधिमान्य है।
(D) विखण्डनीय है।

23. Gift exceeding 1/3rd of the property of Muslim donor is:
(A) Valid
(B) Void
(C) Voidable
(D) None of the above

23. एक मुस्लिम आदाता की 1/3 से अधिक सम्पत्ति का दान–
(A) विधिमान्य है।
(B) शून्य है।
(C) शून्यकरणीय है।
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

24. Acknowledgement of legitimacy by a Muslim once made is:
(A) Revocable
(B) Irrevocable
(C) Compoundable
(D) None of the above

24. एक मुस्लिम द्वारा धर्मजता की एक बार की गयी अभिस्वीकृति–
(A) विखण्डनीय है।
(B) अविखण्डनीय है।
(C) शमनीय है।
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं।

25. Alienation of immovable property by a Muslim de facto guardian is -
(A) Lawful
(B) void
(C) voidable
(D) None of the above

25. एक मुस्लिम वस्तुतः संरक्षक द्वारा अव्यस्क की अचल सम्पत्ति का अन्तरण–
(A) वैधानिक है।
(B) शून्य है।
(C) शून्यकरणीय है।
(D) उपर्युक्त में से कोई नही।

26. Under the Hindu Adoption and Maintenance Act, a mother is—
(A) Entitled to live along with her son's family
(B) Not entitled to live along with her son's family
(C) Morally entitled to her son's care
(D) Entitled to have separate accommodation from her son

26. हिन्दू दत्तक ग्रहण तथा भरण–पोषण अधिनियम के अधीन, एक माता–
(A) अपने पुत्र के परिवार के साथ रहने की हकदार है।
(B) अपने पुत्र के परिवार के साथ रहने की हकदार नहीं है।
(C) पुत्र द्वारा देख–रेख हेतु नैतिक रूप से हकदार है।
(D) अपने पुत्र से पृथक आवास प्राप्त करने की हकदार है।

27. An adoption made by a Hindu male without the consent of his wife is—
(A) Void
(B) Voidable
(C) Valid
(D) Invalid

27. एक हिन्दू पुरूष द्वारा अपनी पत्नी की सहमति के बिना दत्तक ग्रहण–
(A) शून्य है।
(B) शून्यकरणीय है।
(C) विधिमान्य है।
(D) अविधिमान्य है।

28. A marriage under the Hindu Marriage Act, 1955 between two persons within prohibited degrees of relationship is—
(A) Valid
(B) Void
(C) Voidable
(D) Irregular

28. हिन्दू विवाह अधिनियम, 1955 के अधीन प्रतिषिद्ध नातेदारी की डिग्री में दो व्यक्तियों के मध्य विवाह–
(A) विधिमान्य है।
(B) शून्य है।
(C) शून्यकरणीय है।
(D) अनियमित है।

29. A coparcener has–
(A) a right to renounce his interest in the coparcenery property but subject to the consent of all other coparceners.
(B) a right to renounce his interest in the coparcenery property generally.
(C) no right to renounce his interest in the coparcenery property,
(D) None of the above is correct.

29. एक सहदायिक–
(A) सहदायिकी सम्पत्ति में अपने हित के परित्याग का अधिकार रखता है परन्तु सभी अन्य सहदायिकों की सहमति की शर्त पर।
(B) सामान्यतः सहदायिकी सम्पत्ति में अपने हित के परित्याग का अधिकार रखता है।
(C) का सहदायिकी की सम्पत्ति अपने हित के परित्याग का कोई अधिकार नही है।
(D) उपर्युक्त में से कोई सही नहीं है।

30. Who amongst the following is not a 'Hindu' within the meaning of Section 2 of Hindu Marriage Act,1955?
(A) Buddhist
(B) Sikh
(C) Jain
(D) Jew

30. हिन्दू विवाह अधिनियम, 1955 की धारा 2 के अर्थ के अन्तर्गत निम्नलिखित में से कौन 'हिन्दू' नहीं है?
(A) बौद्ध
(B) सिख
(C) जैन
(D) यहूदी

31. The doctrine of 'Factum Valet' enables to cure the violation of–
(A) A directory provision or a mere matter of form.
(B) Fundamental principles.
(C) Essence of the transaction.
(D) None of the above is correct.

31. 'रूढ़िवादी तथ्य' का सिद्वान्त, उपचार–योग्य बनाता है–
(A) एक निर्देशक प्रावधान या केवल एक प्रारूप के विषय के उल्लंघन को।
(B) मौलिक सिद्धान्तों के उल्लंघन को।
(C) सव्यवहार की अत्यावश्यक शर्त के उल्लंघन को।
(D) उपर्युक्त में से कोई सही नहीं है।

32. If the consent of a party to a Hindu marriage is obtained by force or fraud, the marriage is-
(A) Valid
(B) Void
(C) Voidable
(D) Invalid

32. यदि हिन्दू विवाह के एक पक्षकार की सहमति कपट अथवा बलपूर्वक प्राप्त की जाती है। तो विवाह–
(A) विधिमान्य है।
(B) शून्य है।
(C) शून्यकरणीय है।
(D) अविधिमान्य है।

33. Under Section 10 of Hindu Marriage Act, 1955–
(A) the grounds for judicial separation are the same as grounds for divorce.
(B) the grounds for judicial separation are different from the grounds for divorce.
(C) some of the grounds for judicial separation are same as the grounds for divorce with some additional grounds.
(D) None of the above is correct.

33. हिन्दू विवाह अधिनियम, 1955 की धारा 10 के अधीन–
(A) न्यायिक पृथक्करण के आधार वही हैं जो विवाह–विच्छेद के आधार है।
(B) न्यायिक पृथक्करण के आधार, विवाह–विच्छेद के आधारों से भिन्न है।
(C) न्यायिक पृथक्करण के कुछ आधार वही है जो विवाह–विच्छेद के आधार है तथा कुछ अतिरिक्त आधार हैं।
(D) उपर्युक्त में से कोई सही नहीं है।

34. Under the Constitution of India, all aspects of family law are in the—
(A) Union list
(B) State list
(C) Concurrent list
(D) None of the above

34. भारत के संविधान के अधीन पारिवारिक विधि के समस्त पक्ष–
(A) संघीय सूची में है।
(B) राज्य सूची में है?
(C) समवर्ती सूची में है।
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं।

35. Which of the following is 'Industry' under the Industrial Disputes Act, 1947?
(A) Census department of Government of India.
(B) Department of Social Forestry.
(C) Physical Research Laboratory.
(D) State Hospital.

35. औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 के अधीन निम्नलिखित में से कौन 'उद्योग' है?
(A) भारत सरकार का जनगणना विभाग
(B) सामाजिक वानिकी विभाग
(C) भौतिक अनुसंधान प्रयोगशाला
(D) राज्य का अस्पताल

36. Who may be the presiding officer of Industrial Tribunal under the Industrial Disputes Act, 1947-
(A) A District Judge or an Additional District Judge.
(B) Any judicial officer having the experience of not less than seven years.
(C) A Deputy Chief Labour Commissioner (Central).
(D) A Judge of High Court.

36. औद्योगिक विवाद अधिनियम (1947) के अधीन राष्ट्रीय ट्रिब्यूनल का पीठासीन अधिकारी कौन हो सकता है?
(A) जिला न्यायाधीश अथवा अतिरिक्त जिला न्यायाधीश
(B) न्यायिक अधिकारी जिसका सात वर्ष से कम अनुभव न हो।
(C) उप–मुख्य श्रमायुक्त (केन्द्रीय)
(D) उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति

37. Section 25(G) of the Industrial Disputes Act, 1947 deals with –
(A) Procedure for retrenchment.
(B) Re-employment of retrenched worker.
(C) Condition precedent to retrenchment.
(D) None of the above.

37. औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 की धारा 25 (जी) सम्बन्धित है–
(A) छटनी की प्रक्रिया से
(B) छटनी किये हुए कर्मकार के पुनः नियोजन से
(C) छटनी की पुरोभाव्य शर्त से
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

38. The dissolution of a registered trade union has been dealt with under-
(A) Section 24 of Trade Unions Act, 1927.
(B) Section 26 of Trade Unions Act, 1927.
(C) Section 27 of Trade Unions Act, 1927.
(D) Section 28 of Trade Unions Act, 1927.

38. एक पंजीकृत व्यवसाय संघ के विघटन सम्बन्धी प्रावधान हैं–
(A) व्यवसाय संघ अधिनियम 1927 की धारा 24 के अधीन
(B) व्यवसाय संघ अधिनियम 1927 की धारा 26 के अधीन
(C) व्यवसाय संघ अधिनियम 1927 की धारा 27 के अधीन
(D) व्यवसाय संघ अधिनियम 1927 की धारा 28 के अधीन

39. Under Payment of Bonus Act, 1965 'Salary' or 'Wage' per mensem for an employee to receive bonus is –
(A) Rs. 3,500/-
(B) Rs. 10,000/-
(C) Rs. 15,000/-
(D) Rs. 21,000/-

39. बोनस भुगतान अधिनियम, 1965 के अधीन एक कर्मचारी को बोनस प्राप्त करने हेतु उसका 'वेतन' या 'मजदूरी' प्रतिमाह है–
(A) 3500 रुपये
(B) 10,000 रुपये
(C) 15,000 रुपये
(D) 21,000 रुपये

40. The Employees' Compensation Commissioner under the Employees' Compensation Act, 1923 is appointed by-
(A) Central Government.
(B) State Government.
(C) Either by Central Government or by State Government.
(D) None of the above

40. कामगार क्षतिपूर्ति अधिनियम, 1923 के अधीन कामगार क्षतिपूर्ति आयुक्त की नियुक्ति की जाती है–
(A) केन्द्रीय सरकार द्वारा
(B) राज्य सरकार द्वारा
(C) या तो केन्द्रीय सरकार अथवा राज्य सरकार द्वारा
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

41. Ensuring the safety, health and welfare of the employees is the primary purpose of the –
(A) Factories Act, 1948
(B) Payment of Wages Act, 1936
(C) Equal Remuneration Act, 1976
(D) Industrial Disputes Act, 1947

41. कामगारों की सुरक्षा, स्वास्थ्य तथा कल्याण सुनिश्चित करना प्राथमिक प्रयोजन है–
(A) कारखाना अधिनियम ,1948 का
(B) मजदूरी भुगतान अधिनियम, 1936 का
(C) समान पारिश्रमिक अधिनियम, 1976 का
(D) औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 का

42. In every factory the occupier shall employ welfare officers if the number of employed persons there is –
(A) 300
(B) 400
(C) 500
(D) 1,000

42. प्रत्येक कारखाने में अध्यासी कल्याण अधिकारियों की नियुक्ति करेगा, यदि वहां नियोजित व्यक्तियों की संख्या है–
(A) 300
(B) 400
(C) 500
(D) 1,000

43. For any product to be registered as a 'Patent Right', it requires –
(A) Novelty, inventive steps and non-obviousness
(B) Novelty, discovery and obviousness
(C) Invention only.
(D) None of the above

43. 'पेटेन्ट अधिकार' के रूप में किसी उत्पाद के पंजीकरण हेतु आवश्यक है–
(A) अनूठापन, आविष्कारी चरण तथा गैर प्रत्यक्षता
(B) अनूठापन, खोज तथा प्रत्यक्षता
(C) केवल आविष्कार
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

44. The term of every patent in India is –
(A) Ten years from the date of filing the patent application
(B) Fifteen years from the date of filing the patent application
(C) Twenty years from the date of filing the patent application
(D) Twenty five years from the date of filing the patent application

44. भारत में प्रत्येक पेटेन्ट की अवधि है–
(A) पेटेन्ट आवेदन प्रस्तुत करने की तिथि से 10 वर्ष
(B) पेटेन्ट आवेदन प्रस्तुत करने की तिथि से 15 वर्ष
(C) पेटेन्ट आवेदन प्रस्तुत करने की तिथि से 20 वर्ष
(D) पेटेन्ट आवेदन प्रस्तुत करने की तिथि से 25 वर्ष

45. In India, the literary work is protected until-
(A) Lifetime of author
(B) 25 years after the death of author
(C) 40 years after the death of author
(D) 60 years after the death of author

45. भारत में 'साहित्यिक कार्य' संरक्षित होता है–
(A) रचयिता के जीवनकाल तक
(B) रचयिता की मृत्यु के बाद 25 वर्षों तक
(C) रचयिता की मृत्यु के बाद 40 वर्षों तक
(D) रचयिता की मृत्यु के बाद 60 वर्षों तक

46. Under the Copyright Act, if the term of the years of the assignment is not mentioned then it is assigned for -
(A) 3 years
(B) 2 years
(C) 5 years
(D) 1 year

46. प्रतिलिप्याधिकार अधिनियम के अधीन, यदि समनुदेशन के वर्षों की अवधि उल्लेखित नहीं है तो उसका समनुदेशन होगा–
(A) 3 वर्षों के लिए
(B) 2 वर्षों के लिए
(C) 5 वर्षों के लिए
(D) 1 वर्ष के लिए

47. The work of copyright which subsists in musical work is -
(A) Music and its graphical notation
(B) Lyrics
(C) Songs
(D) Performance by Actors

47. प्रतिलिप्याधिकार का कार्य, जो संगीतात्मक कृति में बना रहता है, वह है–
(A) संगीत तथा उसके आलेखी संकेत चिह्न
(B) गीत के शब्द
(C) गीत
(D) अभिनेताओं द्वारा प्रदर्शन

48. Trademark law protects-
(A) Words, symbols or devices that differentiate goods or services from one another.
(B) Only brand names
(C) Names of specific people and places
(D) Inventions that feature some sort of utility function

48. व्यापार चिह्न विधि संरक्षित करती है–
(A) शब्दों, प्रतीकों अथवा उपकरणों को जो माल तथा सेवाओं में एक दूसरे से विभिन्नता प्रदान करते हैं।
(B) केवल ब्राण्ड नामों को
(C) विशिष्ट व्यक्तियों तथा स्थानों के नामों को।
(D) आविष्कारों को, जो उपयोगिता प्रकार्यों को दर्शाते हैं।

49. Which of the following is one of the key characteristics of a trademark?
(A) A trademark identifies a product's origin
(B) Slogans are not covered under trademark law
(C) Trademarks are never an indicator of quality
(D) Trademarks are "shorthand" for retailers to use in determining pricing strategy

49. निम्नलिखित में से कौन व्यापार–चिह्न की एक महत्वपूर्ण विशेषता है?
(A) एक व्यापार–चिह्न उत्पाद के उद्गम की पहचान दर्शाता है।
(B) व्यापार–चिह्न विधि के अधीन प्रचार वाक्य आच्छादित नहीं है।
(C) व्यापार–चिह्न कभी भी गुणवत्ता का सूचक नहीं है।
(D) व्यापार–चिह्न, मूल्य निर्धारण योजना निश्चित करने में प्रयोग हेतु सांकेतिक चिह्न हैं।

50. Consensus ad idem in the law of contract means-
(A) Meeting of minds
(B) Conditional consent by a party
(C) Unconditional consent by a party
(D) None of the above

51. According to Indian Contract Act a promise is –
(A) A communication of intention to do something.
(B) A proposal which has been accepted.
(C) A person's words to do something.
(D) A statement on oath.

52. The basis of quasi-contract is "no one should be allowed to enrich himself unjustly at the cost of other". This was propounded in-
(A) Sinclair v. Brougham
(B) Moses v. Macferlan
(C) Sameul v. Howarth
(D) Hughes v. Metropolitan Railway Company.

53. Which one of the following cases is related to doctrine of frustration?
(A) Hadley v. Baxendale
(B) Felthouse v. Bindley
(C) Dunlop Pneumatic Tyre Co. Ltd. v. Selfridge & Co. Ltd.
(D) Krell v. Henry

54. Which one of the following statements is correct?
(A) An agent cannot renounce his agency.
(B) An agent can never delegate his agency.
(C) An agency coupled with interest is irrevocable.
(D) None of the above statements is correct

55. The Companies Act, 2013 was assented by the President of India on –
(A) 20th August, 2013
(B) 29th August, 2013
(C) 12th September, 2013
(D) 20th September, 2013

50. संविदा की विधि में एक ही बात पर मतैक्य का अर्थ है--
(A) मस्तिष्कों का मिलन
(B) एक पक्षकार द्वारा सशर्त सहमति
(C) एक पक्षकार द्वारा बिना शर्त सहमति
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

51. भारतीय संविदा अधिनियम के अनुसार एक प्रतिज्ञा--
(A) कुछ करने के आशय की संसूचना है।
(B) स्वीकार की गयी एक प्रस्थापना है।
(C) कुछ करने हेतु एक व्यक्ति का कथन है।
(D) शपथ पर किया गया एक कथन है।

52. संविदा–कल्प का आधार," किसी दूसरे की कीमत पर किसी को भी अनुचित रूप से स्वयं को समृद्ध बनाने देना नहीं चाहिए।" यह प्रतिपादित किया गया–
(A) सिनक्लेयर बनाम ब्राउघ में
(B) मोसेज़ बनाम मैकफरलेन में
(C) सेमुअल बनाम हावर्थ में
(D) ह्यूज बनाम मेट्रोपोलिटन रेलवे कम्पनी में

53. निम्नलिखित में से कौन एक नैराश्य के सिद्धान्त से सम्बन्धित है?
(A) हेडले बनाम बैक्सेन्डेल
(B) फेल्टहाउस बनाम बिन्डले
(C) डनलप न्यूमेटिक टायर कम्पनी लिमिटेड बनाम सेलफ्रिज एण्ड कम्पनी लिमिटेड
(D) क्रेल बनाम हेनरी

54. निम्नलिखित में से कौनसा कथन सही है।
(A) एक अभिकर्ता अपने अभिकरण का परित्याग नहीं कर सकता।
(B) एक अभिकर्ता कभी भी अपने अधिकरण का प्रत्योजन नहीं कर सकता
(C) हित के साथ संलग्न एक अभिकरण अविखण्डनीय होता है।
(D) उपर्युक्त में से कोई भी कथन सही नहीं है।

55. कम्पनी अधिनियम, 2013 को भारत के राष्ट्रपति की अनुमति प्राप्त हुई–
(A) 20 अगस्त 2013 को
(B) 29 अगस्त 2013 को
(C) 12 सितम्बर 2013 को
(D) 20 सितम्बर 2013 को